एक नजर में

खाटू श्याम मंदिर अम्बिकापुरी में श्रीफलों से आहुतियां

इंदौर. एयरपोर्ट रोड, अम्बिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम के 29वें वार्षिकोत्सव में गुरुवार को निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में खाटू श्याम महायज्ञ में 108 श्रीफलों की आहुतियाँ समर्पित कर समूचे राष्ट्र एवं मालवांचल में सुखद वर्षा, विश्व शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गत 20 जून से चल रहे महोत्सव में पुष्प बंगले एवं पवित्र ज्योत के दर्शन भी किए. समूचा परिसर दिनभर खाटू श्याम बाबा के जयघोष से गूंजता रहा. मंदिर के वार्षिकोत्सव का समापन शुक्रवार 26 जून को सुबह महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं संध्या को चलित भंडारे के साथ होगा. महंत नीलू बाबा ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज के सानिध्य में अ.भा. खाटू श्याम अखाड़े के अनेक संत-विद्वानों ने निर्जला एकादशी पर महोत्सव में अपनी भागीदारी दर्ज कराई. सुबह मंदिर में श्याम बाबा का मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शनार्थ भक्तों का मेला दिनभर जुटा रहा। मंदिर पर चल रहे खाटू श्याम महायज्ञ में सुबह 108 श्रीफलों (नारियल) की आहुतियाँ समर्पित कर श्याम बाबा से सुखद वर्षा, विश्व शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की गई. नारियल की आहुतियों में समाजसेवी राधेश्याम गुरूजी, विनोद मित्तल, पवन रामदास छावनी, जगदीश माहेश्वरी, रमेश शर्मा, मनीष गुप्ता एवं मंदिर समिति की ओर से धीरेंद्र जैसवाल, मनीष जैन, अनिल सोनी, श्याम सुंदर सोनी आदि ने भाग लिया.

मस्तिष्क के संकेतों को समझना जरूरी

इंदौर. आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सिरदर्द, तनाव, भूलने की आदत, चिड़चिड़ापन और थकान जैसी समस्याएं आम हो गई हैं. अधिकांश लोग इन्हें व्यस्त दिनचर्या, काम के दबाव या उम्र बढ़ने का सामान्य प्रभाव मानकर नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन कई बार शरीर के यही साधारण दिखने वाले संकेत किसी गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी की ओर इशारा कर रहे होते हैं. हर सिरदर्द सामान्य नहीं होता, मस्तिष्क के संकेतों को समझना जरूरी है. यह बात हाल ही में मनाए गए विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस के विषय में चर्चा करते हुए मेदांता हॉस्पिटल के इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूरोसाइंसेज़ के डायरेक्टर डॉ. रजनीश कछारा ने कही. उन्होंने बताया कि ब्रेन ट्यूमर के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि समय पर पहचान होने पर उपचार के परिणाम बेहतर हो सकते हैं और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है. डॉ. कछारा के अनुसार लगातार या बढ़ता हुआ सिरदर्द, विशेषकर सुबह के समय अधिक दर्द होना, बिना कारण उल्टी होना, बार-बार चक्कर आना, अचानक दौरे पड़ना, आंखों की रोशनी कम होना, दो-दो दिखाई देना, बोलने में कठिनाई, शरीर के किसी हिस्से में कमजोरी या सुन्नपन महसूस होना, संतुलन बिगड़ना तथा व्यवहार और व्यक्तित्व में अचानक परिवर्तन जैसे लक्षण ब्रेन ट्यूमर के संकेत हो सकते हैं. शरीर द्वारा दिए जा रहे संकेतों को गंभीरता से लेना जरूरी है. कई मरीजों में भूलने की समस्या भी शुरुआती लक्षण के रूप में सामने आती है. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि याददाश्त की समस्या लगातार बढ़ रही हो और उसके साथ अन्य न्यूरोलॉजिकल लक्षण भी मौजूद हों तो चिकित्सकीय जांच कराना आवश्यक है. मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजय गीद ने कहा कि पिछले एक दशक में न्यूरोसर्जरी और न्यूरो-ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है.

जगन्नाथ रथ यात्रा का पहला न्योता भगवान को समर्पित

इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के निपान्या स्थित मंदिर पर इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथजी की भव्य रथ यात्रा का दिव्य आयोजन 19 जुलाई को होगा. इस बार भी रथ यात्रा अन्नपूर्णा मंदिर परिसर से राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर तक निकाली जाएगी. इसके पूर्व 29 जून को भगवान जगन्नाथजी की स्नान यात्रा का आयोजन भी व्यापक पैमाने पर होगा, जिसमें भगवान को 108 तीर्थस्थलों के पवित्र जल से स्नान कराया जाएगा. रथ यात्रा की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है. इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु ने बताया कि रथ यात्रा 19 जुलाई को दोपहर 1 बजे अन्नपूर्णा मंदिर से शहर के सभी प्रमुख संत, विद्वानों, आचार्यों एवं वेदपाठी विद्वानों के सानिध्य में निकलेगी. आयोजन समिति के संयोजक हरि अग्रवाल, किशोर गोयल, अशोक गोयल एवं सह संयोजक भावेश दवे ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 29 जून को भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा के साथ होगा. यह आयोजन निपान्या स्थित इस्कॉन मन्दिर पर दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा. महोत्सव का पहला न्योता गुरुवार को इस्कॉन मन्दिर पर भगवान जगन्नाथ को समर्पित किया गया. इस मौके पर प्रभु महामनदास के सानिध्य में क्षेत्र के पार्षद सुरेश कुरवाड़े, सयोजक हरि अग्रवाल, अशोक गोयल एवं मंदिर से जुड़े संत गिरधर गोपाल दास, अद्विधरण दास, श्रीनिकेतन दास, विशाल प्रभु, अच्युत गोपालदास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

अखाड़ों और ताजिया कलाकारों का आज सम्मान

इंदौर. योमे आशुरा के अवसर पर 26 जून को इंदौर जनसेवा संस्थान द्वारा अखाड़ों, ताजिया निर्माताओं और उत्कृष्ट करतब दिखाने वाले कलाकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम शाम 4 बजे मोती मेन रोड स्थित हरसिद्धि मार्केट के पास होगा. समारोह में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष यादव, उपाध्यक्ष अभिषेक तुगनावत, सचिव मनीष गडकर, सहसचिव अमित राज, स्टेट बार काउंसिल सदस्य सुनील गुप्ता एवं जय हार्डिया सहित हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जिला बार एसोसिएशन और ऑल इंडिया एडवोकेट्स फोरम के पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे. आयोजन में चयनित कलाकारों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे. ऑल इंडिया एडवोकेट्स फोरम के प्रदेश अध्यक्ष तारिक खान एडवोकेट के विशेष अतिथि में किया जाएगा. संस्था के अनुसार कार्यक्रम में सभी धर्मों के लोग शामिल होकर सामाजिक सौहार्द का संदेश देंगे.

शान-ओ-शौकत के साथ निकला ऐतिहासिक सरकारी ताजिया

इंदौर. मोहर्रम के अवसर पर गुरुवार रात शहर के ऐतिहासिक सरकारी इमामबाड़े से निकला सरकारी ताजिया पूरे पारंपरिक वैभव और अकीदत के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होकर राजवाड़ा पहुंचा. राजवाड़ा क्षेत्र में ताजिये के आगमन पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और श्रद्धालुओं ने ताजिये का इस्तकबाल किया.

महापौर का सख्त फैसला, धोबी घाट पर मेले की अनुमति निरस्त

इंदौर. महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल की वर्चुअल बैठक में धोबी घाट पर मेले की अनुमति निरस्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया.

परिषद ने स्पष्ट किया कि स्थल पर केवल ताजिए ठंडे करने की अनुमति रहेगी।महापौर ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली थी कि ताजिए ठंडे करने के साथ मेले के आयोजन की भी अनुमति दी गई है। इसके बाद मामले की समीक्षा के लिए विशेष बैठक बुलाई गई. बैठक में पिछले वर्ष के अनुभवों पर चर्चा हुई, जिसमें पाया गया कि आयोजकों ने अनुमति की शर्तों का पालन नहीं किया था। साथ ही मेले से संबंधित निर्धारित राशि भी नगर निगम में जमा नहीं कराई गई थी।इन परिस्थितियों को देखते हुए मेयर इन काउंसिल ने सख्त रुख अपनाते हुए मेले की अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का निर्णय लिया. परिषद ने कहा कि धोबी घाट पर केवल धार्मिक परंपरा के तहत सिर्फ ताजिए ठंडे करने की अनुमति दी जाएगी.

बच्चों ने चित्रों के जरिये दिया नशे के खिलाफ संदेश

इंदौर. शहर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बच्चों को जागरूक करने के लिए 15 स्कूलों में ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की. 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स: क्रिएटिंग अ बेटर टुमारो' विषय पर हुई इस गतिविधि में करीब 260 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. इस अवसर पर नारकोटिक्स विंग इंदौर की टीम ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया. अधिकारियों ने समझाया कि नशा केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है. कार्यक्रम आयोजन में उप निरीक्षक अजय शर्मा और सहायक उप निरीक्षक श्याम बघेल की प्रमुख भूमिका रही. कार्यक्रम एक निजी स्कूल में हुआ, जहां प्रिंसिपल, ड्राइंग टीचर और स्टाफ ने समन्वय किया. प्रतियोगिता में बनाए गए चित्रों का चयन भी किया गया.

अनियमितताओं पर इंदौर ग्रामीण की उचित मूल्य दुकान निलंबित

नवभारत न्यूज़

इंदौर. सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर ग्राम बिसनावदा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान की जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर दुकान को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है.

क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुचिता दुबे द्वारा 30 मार्च 2026 को किए गए निरीक्षण में सतीमाता स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान में कई खामियां सामने आईं. जांच के दौरान विक्रेता एवं सहायक विक्रेता दीपक गिनावा अनुपस्थित पाए गए, जबकि स्टॉक एवं भाव सूची बोर्ड अद्यतन नहीं था और राशन वितरण संबंधी बैनर भी उपलब्ध नहीं थे. निरीक्षण में यह भी पाया गया कि दुकान समय पर नियमित रूप से नहीं खोली जा रही थी तथा हितग्राहियों से अभद्र व्यवहार की शिकायतें भी प्राप्त हुई थीं. साथ ही पीओएस मशीन से पावती पर्ची नहीं दी जा रही थी और उपभोक्ताओं को दबावपूर्वक चायपत्ती जैसी अन्य सामग्री लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा था. भौतिक सत्यापन में 1.21 क्विंटल गेहूं कम तथा 36 किलोग्राम नमक अधिक पाया गया, जिससे स्टॉक में गंभीर अंतर सामने आया.

अनियमितताओं के आधार पर प्रकरण दर्ज कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राउ के आदेश के तहत दुकान को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है. साथ ही इसे ग्राम पंचायत रिजलाय स्थित बीजासेन आजीविका स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान से आगामी आदेश तक संबद्ध किया गया है.

गिरवी मकान का सौदा कर 1.90 करोड़ की धोखाधड़ी

- 7.45 करोड़ में तय हुआ था सौदा, लोन की जानकारी छिपाकर लिया एडवांस

रकम लेने के बाद न तो लोन चुकाया और न ही रजिस्ट्री कराई

आरोप है कि रकम लेने के बाद न तो संपत्ति का लोन चुकाया गया और न ही रजिस्ट्री कराई गई. काफी समय तक टालमटोल करने के बाद भी जब रकम वापस नहीं मिली तो फरियादी ने पुलिस की शरण ली. मामले में एसीपी तुषार सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच के बाद पलासिया पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है. पुलिस अब लेन देन से जुड़े दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड और संपत्ति के कागजात की जांच कर रही है.

नव भारत न्यूज

इंदौर. साकेत नगर स्थित करोड़ों रुपये की प्रॉपर्टी के सौदे में 1 करोड़ 90 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है. पलासिया पुलिस ने शिकायत के आधार पर श्रद्धा खंडेलवाल, पुनीत खंडेलवाल और बालकृष्ण खंडेलवाल के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

फरियादी दिलीप वाधवानी ने शिकायत में बताया कि उनके साथ साकेत नगर स्थित तीन मंजिला मकान का 7 करोड़ 45 लाख रुपए में आरोपियों ने सौदा तय किया था. सौदे के दौरान आरोपियों ने दावा किया था कि संपत्ति पर चल रहा एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का ऋण चुका दिया जाएगा और मकान को कर्जमुक्त कर रजिस्ट्री कर दी जाएगी. शिकायत के अनुसार आरोपियों के भरोसे में आकर फरियादी ने आरटीजीएस और नकद के माध्यम से करीब 1 करोड़ 90 लाख रुपए एडवांस के तौर पर दे दिए.

असरावदखुर्द क्षेत्र में दहशत बना तेंदुआ पिंजरे में कैद

- स्वास्थ्य परीक्षण के बाद रालामंडल रेस्क्यू टीम ने जंगल में छोड़ा

नव भारत न्यूज

इंदौर. असरावदखुर्द में पिछले कई दिनों से ग्रामीणों में दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया. गुरुवार दोपहर रालामंडल रेस्क्यू टीम ने तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और बाद में उसे जंगल में छोड़ दिया.

ग्रामीणों ने 9 और 10 जून को गांव के आसपास तेंदुए की मौजूदगी देखी थी, जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई थी. इसके बाद रालामंडल की टीम लगातार क्षेत्र में सर्चिंग कर रही थी और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था. बुधवार रात तेंदुआ पिंजरे में फंस गया, जिसके बाद उसे कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए ले जाया गया. डीएफओ लाल सुधाकर सिंह ने बताया कि तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ पाया. नियमानुसार उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया है. उन्होंने ग्रामीणों से वन्यजीव दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की.

शिक्षा विभाग के 20 करोड़ के गबन में ईडी का बड़ा एक्शन, 56 प्लॉट अटैच

इंदौर. अलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा ब्लॉक शिक्षा कार्यालय से 20.47 करोड़ रुपये के गबन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धार जिले में स्थित 56 रिहायशी प्लॉट अटैच किए हैं. जब्त संपत्तियों की बाजार कीमत 6 करोड़ रुपए से अधिक बताई गई है.

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 से 2023 के बीच ब्लॉक शिक्षा कार्यालय कट्ठीवाड़ा से फर्जी बिलों के जरिए सरकारी राशि का गबन किया था. मामले में कमल राठौर और उसके सहयोगियों पर खजाने से निकाली गई रकम को विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से ठिकाने लगाने का आरोप है. जांच में सामने आया कि राशि का बड़ा हिस्सा नकद निकालकर धार जिले के गंधवानी क्षेत्र में कृषि भूमि खरीदने में लगाया गया. जांच एजेंसी के मुताबिक बाद में इसी जमीन को विकसित कर श्री बालाजी धाम नाम से रिहायशी प्लॉटिंग की गई, ताकि गबन की रकम से खरीदी गई संपत्ति को वैध रूप दिया जा सके.

इसी परियोजना के 56 प्लॉट अब ईडी ने अटैच किए हैं. इस मामले में ईडी पहले भी आरोपियों की 4.43 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच कर चुकी है, जिसकी पुष्टि मार्च 2026 में हो चुकी है. मुख्य आरोपी कमल राठौर को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है. उसके खिलाफ और अन्य आरोपियों के खिलाफ विशेष पीएमएलए न्यायालय इंदौर में अभियोजन शिकायत भी पेश की जा चुकी है. मामले में ईडी की जांच अभी जारी है.

निर्जला एकादशी पर बांके बिहारी मंदिर में उमड़ी भीड़

- विशेष धार्मिक आयोजन हुए
- गूंजे राधे-राधे के जयकारे



इंदौर. निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर राजवाड़ा स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान श्री बांके बिहारी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया. संध्या आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति गीतों, जयकारों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा. मंदिर में विशेष सजावट की गई थी, जिससे वातावरण अत्यंत भक्तिमय और आकर्षक दिखाई दिया.

आरती में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के व्यापारियों और दुकानदारों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख, समृद्धि और समाज की खुशहाली की कामना की. निर्जला एकादशी को हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है. मान्यता है कि इस दिन व्रत और भगवान विष्णु की पूजा करने से वर्ष भर की सभी एकादशियों का पुण्य प्राप्त होता है. इसी श्रद्धा के साथ बड़ी संख्या में भक्तजन मंदिर पहुंचे और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी बने. कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई. मंदिर समिति एवं स्थानीय दुकानदारों के सहयोग से खीर एवं साबूदाने की खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे भक्तों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया. आयोजन में सामाजिक सौहार्द और धार्मिक एकता का सुंदर संदेश भी देखने को मिला. मंदिर प्रबंधन ने बताया कि निर्जला एकादशी के अवसर पर हर वर्ष विशेष आयोजन किए जाते हैं और इस बार भी भक्तों की उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया. देर रात तक श्रद्धालुओं का मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहा.

इंदौर अभिभाषक संघ चुनाव : सुबह तक आ सकेंगे पूरे परिणाम

- सचिव पद पर रोहित दांतरे, उपाध्यक्ष में जितेंद्र नीम आगे, अध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर

नव भारत न्यूज

इंदौर. इंदौर अभिभाषक संघ निर्वाचन 2026-27 की मतगणना के तीन राउंड पूरे होने के बाद सचिव पद पर रोहित दांतरे, उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र नीम और कोषाध्यक्ष पद पर पल्लवी अध्यारी ने मजबूत बढ़त बना ली है. वहीं अध्यक्ष पद पर मुकाबला बेहद रोचक बना हुआ है, जहां राकेश पाल अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 53 मतों की बढ़त पर चल रहे हैं. मतगणना जारी है और अंतिम परिणाम सुबह तक आने की संभावना है. तीन राउंड की मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर राकेश पाल को 333 मत मिले हैं, जबकि गोपाल कचोलिया 276 मतों के साथ दूसरे स्थान पर हैं. वहीं राजेश खंडेलवाल 276 मत प्राप्त कर बराबरी पर बने हुए हैं. अन्य प्रत्याशियों में रविंद्र सिंह गौड़ को 168, श्रीराम भदौरिया को 156, लखनलाल यादव को 146, राजेंद्र यादव को 31 और मनोज वर्मा को 4 मत मिले हैं. जबकि उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र नीम 390 मतों के साथ सबसे आगे हैं. उनके बाद सुरेंद्र सिंह गंभीर को 241, पुरुषोत्तम सोमानी को 201, हरीश वांडवडे को 223, संतोष ठाकुर को 152, संतोष पाण्डेय को 91 और सुनील पटेल को 56 मत प्राप्त हुए हैं.

सचिव पद पर रोहित दांतरे ने 440 मतों के साथ बढ़त कायम रखी है. विशाल रामटेके 290 मतों के साथ दूसरे स्थान पर हैं. अमित पाठक को 252, धर्मेंद्र गुर्जर को 269 और भूपेंद्र साहू को 126 मत मिले हैं. इसी तरह सहसचिव पद पर विकास चौबे 299 मतों के साथ आगे चल रहे हैं. अक्षय बाजपेयी को 220, निमेष सोलंकी को 211, रत्नेश पाल को 218, मुकेश तोमर को 188, श्रवण कुमार मिश्रा को 186 तथा आर.डी. नैनवा को 46 मत प्राप्त हुए हैं. कोषाध्यक्ष पद पर पल्लवी अध्यारी ने 438 मतों के साथ सबसे मजबूत बढ़त बनाई हुई है. सविता तिवारी को 376 मत मिले हैं. अन्य प्रत्याशियों में पिंकी सुनहरे को 240, पुष्पांजलि द्विवेदी को 193 और पिंकी हरिवंश को 95 मत प्राप्त हुए हैं. मतगणना अभी जारी है. तीन राउंड के रुझानों के आधार पर कई पदों पर तस्वीर लगभग साफ होती दिख रही है, जबकि अध्यक्ष पद पर अंतिम नतीजे तक रोमांच बरकरार रहने की संभावना है. अंतिम परिणाम सुबह तक आने की संभावना है.

एक नजर में — आपातकाल की विभीषिका के काले अध्याय पर भाजपा द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

आपातकाल ऐसा काला धब्बा जिसे लोकतंत्र में मिटाया नहीं जा सका

इंदौर. आपातकाल के 51 वर्ष पर भाजपा द्वारा शुभकारज गार्डन में आपातकाल की विभीषिका का काला अध्याय विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया.

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री कप्तान सिंह सोलंकी ने कहा आपातकाल एक ऐसा काला धब्बा है, भारत के लोकतंत्र में जिसे मिटाया नहीं जा सकता. आपातकाल में लोकतंत्र की हत्या की गई, संविधान की हत्या की गयी. उन्होंने कहा कि व्यक्ति जब अपनी कुर्सी बचाने के लिए तानाशाह बन जाता है, न्यायालय को नहीं मानता, संविधान को नहीं मानता, भारत की आत्मा लोकतंत्र को नहीं मानता और उसका गला घोट देता है, और पूरा शासन तंत्र अपने हाथ में ले लेता है ये वो आपातकाल है. आपातकाल जैसी स्थिति देश में फिर से नहीं होना चाहिये. कप्तान सिंह ने नागरिकों से आह्वान किया कि संविधान के प्रति जागरूक रहे, आपको लगे कि कोई संविधान को तोड़ रहा है, या हत्या करने का प्रयास कर रहा है तो सजग रहे. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आपातकाल में कई लोगों को जेल में बंद कर दिया गया, कई लोगों ने जेल के बाहर रहकर आपातकाल के खिलाफ़ संघर्ष किया. आपातकाल के काले अध्याय से आने वाली पीढ़ी को परिचित करवाना जरूरी है. नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा आज का दिन हिन्दुस्तान में संविधान की हत्या दिवस के रूप में जाना जाता है. इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम. चुबा आओ, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, विधायक गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, मधु वर्मा, श्रवण सिंह चावड़ा, सत्यनारायण सत्तन, गोपी कृष्ण नेमा, सुदर्शन गुप्ता, पूर्व राज्यपाल विष्णु सदाशिव कोकजे आदि मंच पर उपस्थित थे. संचालन टोली संयोजक महेश कुकरेजा एवं आभार हरप्रीत सिंह बक्शी ने माना. इस अवसर पर आलोक डाबर, ओमप्रकाश फ़रकिया, सुधीर कोल्हे, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, सचिन बंसल, विशाल यादव, वरुण पाल, रितेश शर्मा, नितिन शर्मा, सहित अभियान टोली सदस्य उपस्थित थे.